दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक :14.11.2024

प्रकाशनार्थ

दिनांक 14.11.2024 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग द्वारा बालदिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। ''विषय राष्ट्र निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू का योगदान''

मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह उद्‌बोधन देते हुए पंडित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित नेहरू ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में भारत के निर्माण में लोकतांत्रिकि समाजवाद, मिश्रित अर्थव्यवस्था औद्योगिकरण, पंचवर्षीय योजना, पूजीवॉद, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य तथा संसदीय शासन प्रणाली का जो लक्ष्य निर्धारित किया है वो भारत के किसी भी प्रधानमंत्री के लिए अनुकरणीय रहा है। पंडित नेहरू न केवल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे बल्कि उनका इतिहास बोध भी अतुलनीय है। उनके द्वारा दिया गया विविधता में एकता का नारा उनके मानस की उपज थी, वो ऐसा देश बनाना चाहते थे जो सर्वधर्म समभाव का देश हो इसलिए उन्हें राष्ट्रशिल्पी कहा जाता है।

इस अवसर पर विभाग के दो विद्यार्थी रेनू सिंह तथा अभय अग्रहरी ने अपने विचार रखें। **कार्यक्रम का संचालन डॉ. धीरज कुमार सिंह एवं आभार ज्ञापन डॉ. कामिनी सिंह ने किया।**

इस अवसर पर विभाग के प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र चौहान, डॉ. शिव कुमार सहित महाविद्यालय के अन्य विभाग के प्राध्यापक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी सूचना एवं जनसम्पर्क